**SET-3**

**Series BVM/C**

कोड नं.
Code No. **59/1/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **19** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

**सामान्य निर्देश :**

(i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । इस प्रश्न-पत्र में कुल **27** प्रश्न हैं । प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है ।

(ii) खण्ड अ में प्रश्न संख्या **1 – 5** तक प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iii) खण्ड ब में प्रश्न संख्या **6 – 10** तक प्रत्येक प्रश्न **दो** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(iv) खण्ड स में प्रश्न संख्या **11 – 16** तक प्रत्येक प्रश्न **चार** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(v) खण्ड द में प्रश्न संख्या **17 – 21** तक प्रत्येक प्रश्न **पाँच** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(vi) खण्ड द में प्रश्न संख्या **21** मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसके उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

(vii) खण्ड य में प्रश्न संख्या **22 – 27** तक प्रत्येक प्रश्न **छः** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

***General Instructions :***

*(i) **All** questions are compulsory. This question paper has **27** questions in all. There are **five** sections in this question paper.*

*(ii) Section A contains Questions number **1 – 5** of **one** mark each. The answers to these questions should not exceed **20** words each.*

*(iii) Section B contains Questions number **6 – 10** of **two** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.*

*(iv) Section C contains Questions number **11 – 16** of **four** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

*(v) Section D contains Questions number **17 – 21** of **five** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

*(vi) In Section D, Question number **21** is a map-based question. Write its answer in your answer-book.*

*(vii) Section E contains Questions number **22 – 27** of **six** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

## खण्ड अ
## SECTION A

**1.** भारत के किसी भी राज्य में पहली ग़ैर-काँग्रेसी सरकार कौन-सी राजनीतिक पार्टी ने बनाई ? *1*

**अथवा**

समकालीन भारत की किन्हीं दो राजनीतिक पार्टियों के नाम लिखिए जिनका जन्म सोशलिस्ट पार्टी से हुआ है । *1*

Which political party formed the first non-Congress government in any State of India ?

**OR**

Name any two political parties in contemporary India which trace their origins to the Socialist Party.

**2.** 'मूलवासी लोग' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । *1*

Explain the meaning of 'Indigneous people'.

**3.** सोवियत संघ के किस नेता को सोवियत संघ के विघटन के लिए दोषी माना जा सकता है ? कोई एक कारण लिखिए । *1*

Which leader of Soviet Union can be blamed for the disintegration of USSR (Soviet Union) ? Write any one reason.

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन वैश्वीकरण के सम्बन्ध में ***ग़लत*** है ? *1*

(i) वैश्वीकरण बहुआयामी है ।

(ii) वैश्वीकरण का प्रभाव अत्यधिक असमान है ।

(iii) इससे मूल्यों के बीच संघर्ष उत्पन्न नहीं होता ।

(iv) प्रौद्योगिकी के कारण वैश्वीकरण हुआ है ।

Which of the following statements about globalisation is ***incorrect*** ?

(i) Globalisation is multidimensional.

(ii) The impact of globalisation is highly uneven.

(iii) It does not lead to conflict of values.

(iv) Technology has led to globalisation.

**5.** 'आसियान शैली' के किसी एक गुण का मूल्यांकन कीजिए । *1*

**अथवा**

'बैंडवैगन रणनीति' के किसी एक लाभ का मूल्यांकन कीजिए । *1*

Evaluate any one merit of 'ASEAN Way'.

**OR**

Evaluate any one merit of 'Bandwagon Strategy'.

## खण्ड ब

## SECTION B

**6.** मानवता की सुरक्षा को सीमाओं की सुरक्षा से अधिक महत्त्वपूर्ण मानने के किसी एक कारण का विश्लेषण कीजिए । *2*

**अथवा**

परमाणु अप्रसार सन्धि 1968 को अस्त्र नियन्त्रण सन्धि समझने के किसी एक कारण का विश्लेषण कीजिए । *2*

Analyse any one reason for considering human security more important than territorial security.

**OR**

Analyse any one reason for considering NPT of 1968 as an arms control treaty.

**7.** निम्नलिखित का सही मिलान कीजिए : $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

| | *स्तंभ 'A'* | | *स्तंभ 'B'* |
|---|---|---|---|
| (a) | ग़रीबी हटाओ | (i) | जय प्रकाश नारायण |
| (b) | जय जवान – जय किसान | (ii) | राम मनोहर लोहिया |
| (c) | सम्पूर्ण क्रान्ति | (iii) | इन्दिरा गाँधी |
| (d) | ग़ैर-काँग्रेसवाद | (iv) | लाल बहादुर शास्त्री |

Match the following :

| | *Column 'A'* | | *Column 'B'* |
|---|---|---|---|
| (a) | Garibi Hatao | (i) | Jai Prakash Narayan |
| (b) | Jai Jawan – Jai Kisan | (ii) | Ram Manohar Lohia |
| (c) | Total Revolution | (iii) | Indira Gandhi |
| (d) | Non-Congressism | (iv) | Lal Bahadur Shastri |

**8.** भारत में राज्यों के पुनर्गठन ने किस प्रकार राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया ? स्पष्ट कीजिए । *2*

**अथवा**

1950 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा पं. नेहरू के प्रथम मन्त्रिमण्डल से त्याग-पत्र देने का कारण उजागर कीजिए । *2*

How did the Reorganisation of States in India strengthen national unity ? Explain.

**OR**

Highlight the reason for the resignation of Shyama Prasad Mukherjee from Pt. Nehru's first Cabinet in 1950.

**9.** भारत की द्वितीय पंचवर्षीय योजना की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *2*

**अथवा**

'स्वतंत्र पार्टी' की विचारधारा की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *2*

Describe any two features of the Second Five Year Plan of India.

**OR**

Describe any two features of the ideology of 'Swatantra Party'.

**10.** "खनिज उद्योग पर्यावरण के लिए खतरा हैं ।" पुष्टि कीजिए । *2*

"Mineral industries are a threat to the environment." Justify.

## खण्ड स

## SECTION C

**11.** सुरक्षा परिषद् के नए स्थायी सदस्यों के लिए प्रस्तावित किए गए मानदण्डों का मूल्यांकन कीजिए । *4*

**अथवा**

देशों की सुरक्षा को ख़तरों के नए स्रोतों का आकलन कीजिए । *4*

Evaluate the proposed criteria for new permanent members of Security Council.

**OR**

Assess the new sources of threat to the security of countries.

**12.** हरित क्रान्ति के कोई दो लाभ और दो हानियों का वर्णन कीजिए । *2+2=4*

Describe any two merits and two demerits of Green Revolution.

**13.** अमरीका के सांस्कृतिक वर्चस्व का विश्लेषण कीजिए । *4*

Analyse the US Hegemony as soft power.

**14.** उदाहरणों की सहायता से आकलन कीजिए कि एशिया और अफ्रीका के नव स्वतंत्र देशों के समक्ष सुरक्षा की चुनौतियाँ यूरोप में सामना की जाने वाली चुनौतियों से अलग थीं । *4*

**अथवा**

विश्वास बहाली की प्रक्रिया का उदाहरणों की सहायता से आकलन कीजिए । किस प्रकार यह प्रक्रिया हिंसा और युद्ध से बचने के साधन के रूप में कार्य करती है ? *4*

Assess with the help of examples that the security challenges faced by the newly independent countries of Asia and Africa were different from the challenges faced in Europe.

**OR**

Assess the process of confidence building with the help of examples. How does it function as a means of avoiding violence and war ?

**15.** सोवियत संघ को विघटन की ओर ले जाने वाले किन्हीं चार कारणों का वर्णन कीजिए । *4*

Describe any four reasons that led to the disintegration of the Soviet Union.

**16.** शीत युद्ध के दौरान महाशक्तियों द्वारा छोटे देशों को अपने गुट में बनाए रखने के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए । *2+2=4*

**अथवा**

भारत की गुट-निरपेक्षता की नीति की आलोचना के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए । *2+2=4*

Explain any two reasons for the superpowers to have smaller countries as their allies during the Cold War.

**OR**

Explain any two reasons for the criticism of India's policy of non-alignment.

## खण्ड द
## SECTION D

**17.** नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आज़ादी के तुरंत बाद हमारे देश को विभाजन, विस्थापन, देसी रियासतों के विलय और राज्यों के पुनर्गठन जैसे कठिन मसलों से जूझना पड़ा । देश और विदेश के अनेक पर्यवेक्षकों का अनुमान था कि भारत एकीकृत राष्ट्र के रूप में ज़्यादा दिनों तक टिक नहीं पाएगा । आज़ादी के तुरंत बाद जम्मू-कश्मीर का मसला सामने आया । यह सिर्फ़ भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष का मामला नहीं था । कश्मीर घाटी के लोगों की राजनीतिक आकांक्षाओं का सवाल भी इससे जुड़ा हुआ था । ठीक इसी तरह पूर्वोत्तर के कुछ भागों में भारत का अंग होने के मसले पर सहमति नहीं थी । दक्षिण भारत में भी द्रविड़ आंदोलन से जुड़े कुछ समूहों ने एक समय अलग राष्ट्र की बात उठायी थी ।

(i) पूर्वोत्तर भारत के ऐसे किन्हीं दो क्षेत्रों के नाम लिखिए जहाँ आज़ादी के बाद अलगाववादी आन्दोलन का उदय हुआ ।

(ii) जम्मू-कश्मीर में अशान्ति के कोई दो कारण ज्ञात कीजिए ।

(iii) भारत में राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के कोई दो उपाय सुझाइए । *1+2+2=5*

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

After Independence our nation had to cope with many difficult issues like partition, displacement, integration of Princely States and so on. Many observers both within the country and from outside had predicted that India as one unified country cannot last long. Soon after independence, the issue of Jammu and Kashmir came up. It was not only a conflict between India and Pakistan. It was a question of political aspirations of the people of Kashmir valley. In some parts of the north-east, there was no consensus about being a part of India. In the south some groups from the Dravid movement toyed with the idea of a separate country.

(i) Identify any two regions of north-east India where the secessionist movements emerged after Independence.

(ii) Find out any two reasons for the unrest in Jammu and Kashmir.

(iii) Suggest any two methods to strengthen the national unity in India.

**18.** नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

साम्यवाद के पतन के बाद पूर्व सोवियत संघ के गणराज्य एक सत्तावादी, समाजवादी व्यवस्था से लोकतांत्रिक पूँजीवादी व्यवस्था तक के कष्टप्रद संक्रमण से होकर गुज़रे । रूस, मध्य एशिया के गणराज्य और पूर्वी यूरोप के देशों में पूँजीवाद की ओर संक्रमण का एक खास मॉडल अपनाया गया । विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा निर्देशित इस मॉडल को 'शॉक थेरेपी' (आघात पहुँचाकर उपचार करना) कहा गया । भूतपूर्व 'दूसरी दुनिया' के देशों में शॉक थेरेपी की गति और गहनता अलग-अलग रही लेकिन इसकी दिशा और चरित्र बड़ी सीमा तक एक जैसे थे ।

(i) कौन-सी दो अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने भूतपूर्व दूसरी दुनिया के देशों के लिए शॉक थेरेपी को लागू किया ?

(ii) शॉक थेरेपी की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ।

(iii) शॉक थेरेपी के कोई दो परिणाम स्पष्ट कीजिए । *1+2+2=5*

**अथवा**

नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

परमाणु युद्ध की सूरत में दोनों पक्षों को इतना नुकसान उठाना पड़ेगा कि उनमें से विजेता कौन है – यह तय करना भी असंभव होगा । अगर कोई अपने शत्रु पर आक्रमण करके उसके परमाणु हथियारों को नाकाम करने की कोशिश करता है तब भी दूसरे के पास उसे बर्बाद करने लायक हथियार बच जाएँगे । इसे 'अपरोध' (रोक और संतुलन) का तर्क कहा गया । दोनों ही पक्षों के पास एक-दूसरे के मुकाबले और परस्पर नुकसान पहुँचाने की इतनी क्षमता होती है कि कोई भी पक्ष युद्ध का खतरा नहीं उठाना चाहता ।

(i) परमाणु युद्ध निर्णायक क्यों नहीं होता ?

(ii) शीत युद्ध किस कारण से दोनों महाशक्तियों के बीच पूर्ण युद्ध में परिवर्तित नहीं हुआ ?

(iii) 'अपरोध' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । *1+2+2=5*

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

The collapse of communism was followed in most of these countries by a painful process of transition from an authoritarian socialist system to a democratic capitalist system. This model of transition in Russia, Central Asia and East Europe came to be known as 'shock therapy'. It varied in its intensity and speed amongst the former second world countries, but its direction and features were quite similar.

(i) Which two international institutions administered shock therapy in the former second world countries ?

(ii) Explain any two features of shock therapy.

(iii) Explain any two consequences of shock therapy.

**OR**

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

> In the event of a nuclear war, both sides will be so badly harmed that it will be impossible to declare one side or the other as the winner. Even if one of them tries to attack and disable the nuclear weapons of it rival, the other would still be left with enough nuclear weapons to inflict unacceptable destruction. Both sides have the capacity to retaliate against an attack and to cause so much destruction that neither can afford to initiate a war.

(i) Why is a nuclear war indecisive ?

(ii) Why did the Cold War not transform into a full scale war involving the superpowers ?

(iii) Explain the logic of 'deterrence'.

**19.** नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

> आज़ादी के समय भारत के सामने विकास के दो मॉडल थे : उदारवादी-पूँजीवादी मॉडल तथा समाजवादी मॉडल । भारत में कई लोग विकास के रूस के समाजवादी मॉडल से बहुत प्रभावित थे परन्तु अमरीका के पूँजीवादी मॉडल के समर्थक बहुत कम थे । भारत ने विकास के इन दो मॉडलों में से किसी को भी नहीं अपनाया । भारत में दोनों मॉडलों के तत्त्वों को मिला कर अपनाया गया । इस कारण से इसको 'मिश्रित अर्थव्यवस्था' कहा गया ।

(i) भारत में विकास के किस मॉडल को अपनाया गया ?

(ii) विकास के इस मॉडल की आलोचना के किन्हीं दो बिन्दुओं का विश्लेषण कीजिए ।

(iii) बड़े उद्योगपतियों द्वारा प्रस्तावित 'बॉम्बे प्लान' का विश्लेषण कीजिए । *1+2+2=5*

**अथवा**

नीचे दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1960 के दशक में कृषि की दशा बद से बदतर होती गई । 1940 और 1950 के दशक में ही खाद्यान्न के उत्पादन की वृद्धि दर, जनसंख्या की वृद्धि दर से जैसे-तैसे अपने को ऊपर रख पाई थी । 1965 से 1967 के बीच देश के अनेक हिस्सों में सूखा पड़ा । इसी अवधि में भारत ने दो युद्धों का सामना किया और उसे विदेशी मुद्रा के संकट को भी झेलना पड़ा । इन सारी बातों के कारण खाद्यान्न की भारी कमी हो गई और देश के अनेक भागों में अकाल जैसी स्थिति आन पड़ी ।

(i) भारत के किस राज्य पर खाद्यान्न के संकट का सबसे अधिक प्रभाव हुआ ?

(ii) 1960 के दशक में भारत में खाद्यान्न संकट (तीव्र कमी) के किन्हीं दो कारणों का विश्लेषण कीजिए ।

(iii) 1960 के दशक में उत्पन्न हुए खाद्यान्न संकट के किन्हीं दो परिणामों का विश्लेषण कीजिए । *1+2+2=5*

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

On the eve of Independence, India had before it, two models of development : the liberal-capitalist model and the socialist model. There were many in India then who were deeply impressed by the Soviet model of development. There were very few supporters of the American style of capitalist development. India did not follow any of the two known paths to development. Elements from both these models were taken and mixed together in India. That is why it was described as mixed economy.

(i) What model of development was adopted in India ?

(ii) Analyse any two points of criticism against this model of development.

(iii) Analyse the 'Bombay Plan' as proposed by big industrialists.

**OR**

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

The agricultural situation went from bad to worse in the 1960s. Already, the rate of growth of food grain production in the 1940s and 1950s was barely staying above the rate of population growth. Between 1965 – 1967 severe droughts occurred in many parts of the country. This was also a period when the country faced two wars and foreign exchange crisis. All this resulted in severe food shortage and famine-like conditions in many parts of the country.

(i) Which State of India was worst affected by the food crisis ?

(ii) Analyse any two reasons for the acute shortage of food in India in 1960s.

(iii) Highlight any two consequences of the food crisis in 1960s.

**20.** नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :




(i) इस कार्टून में दर्शाए गए प्रधान मन्त्री का नाम लिखिए ।

(ii) किसी मिलीजुली (गठबन्धन) सरकार के किन्हीं दो दोषों को स्पष्ट कीजिए ।

(iii) इस कार्टून से मिल रहे सन्देश को उजागर कीजिए । *1+2+2=5*

Study the cartoon given below carefully and answer the following questions :




(i) Name the Prime Minister shown in this cartoon.

(ii) Explain any two demerits of any coalition government.

(iii) Highlight the message conveyed by this cartoon.

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question No. 20 :*

(20.1) भारत में पहली गठबन्धन की सरकार के प्रधान मंत्री का नाम लिखिए ।

(20.2) गठबन्धन अथवा मिलीजुली सरकार का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(20.3) गठबन्धन सरकार के कोई दो दोष उजागर कीजिए । *1+2+2=5*

(20.1) Name the Prime Minister of the first coalition government in India.

(20.2) Explain the meaning of coalition government.

(20.3) Highlight any two demerits of coalition government.

**21.** **एशिया** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 16 पर), में पाँच देशों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ तथा Ⓔ द्वारा दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन देशों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा सम्बन्धित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए :

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | सम्बन्धित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) इस क्षेत्र का एक देश जो पाकिस्तान का भाग था ।

(ii) अपनी अर्थव्यवस्था को उदार बनाने वाला इस क्षेत्र का प्रथम देश ।

(iii) एक देश जो संवैधानिक राजतंत्र था ।

(iv) एक देश जिसमें दोनों लोकतान्त्रिक और सैन्य शासन रहा है ।

(v) एक देश जो सार्क का सदस्य नहीं है । *1×5=5*

In the given political outline map of **Asia** (on page 16), five countries have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify them on the basis of the information given below and write their correct names in your answer-book with the respective serial number of the information used and the concerned alphabet as per the following format :

| Sr. no. of the information used | Concerned Alphabet | Name of the Country |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) A country of the region which was a part of Pakistan.

(ii) The first country in the region to liberalise the economy.

(iii) A country which had been a constitutional monarchy.

(iv) A country that experienced both civilian and military rule.


(v) A country which is not a member of SAARC.

प्रश्न सं. 21 के लिए

For question no. 21

## एशिया – राजनीतिक

## Asia – Political




**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question No. 21 :*

(21.1) दक्षिण एशिया के किसी एक देश का नाम लिखिए जहाँ दोनों, लोकतान्त्रिक और सैन्य शासन रहा है ।

(21.2) एक ऐसे एशियाई देश का नाम लिखिए जो अतीत में हिन्दू राष्ट्र था ।

(21.3) उस देश का नाम लिखिए जो पाकिस्तान का भाग था ।

(21.4) सार्क के किन्हीं चार सदस्य देशों के नाम लिखिए । *1+1+1+2=5*

(21.1) Name any one country of South Asia, that has experienced both civilian and military rule.

(21.2) Name an Asian country which was a Hindu Kingdom in the past.

(21.3) Name the country which had been a part of Pakistan.

(21.4) Name any four member countries of SAARC.

## खण्ड य

## SECTION E

**22.** 'वर्चस्व' से निपटने के किन्हीं तीन तरीकों का विश्लेषण कीजिए । *2×3=6*

**अथवा**

1970 के बाद चीन द्वारा अपनी अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए उठाए गए किन्हीं तीन कदमों का विश्लेषण कीजिए । *2×3=6*

Analyse any three methods to overcome 'hegemony'.

**OR**

Analyse any three steps taken by China to reform its economy after 1970.

**23.** 1969 में काँग्रेस पार्टी को औपचारिक विभाजन की ओर ले जाने वाले किन्हीं तीन प्रमुख मुद्दों को स्पष्ट कीजिए । *2×3=6*

**अथवा**

1975 में आपातकाल की घोषणा के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए । *2×3=6*

Explain any three major issues that led to the formal split of the Congress Party in 1969.

**OR**

Explain any three reasons that led to the declaration of Emergency in 1975.

**24.** "जन आन्दोलनों ने लोकतन्त्र में अव्यवस्था फैलाने के बजाय इसके विस्तार में योगदान दिया है ।" तर्कों की सहायता से कथन की पुष्टि कीजिए । *6*

**अथवा**

"भारत के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों द्वारा अभिव्यक्त की गई क्षेत्रीय आकांक्षाएँ विभिन्नता में एकता का उदाहरण हैं ।" तर्कों की सहायता से कथन की पुष्टि कीजिए । *6*

"The popular movements have contributed to the expansion of democracy rather than causing disruption." Support the statement with arguments.

**OR**

"Regional aspirations expressed by people of different parts of India is an example of Unity in Diversity." Support the statement with arguments.

**25.** वैश्वीकरण के कारण आप द्वारा अनुभव किए गए किन्हीं तीन परिवर्तनों को उजागर कीजिए । $2 \times 3 = 6$

**अथवा**

पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के कोई तीन तरीके सुझाइए । $2 \times 3 = 6$

Highlight any three changes experienced by you due to globalisation.

**OR**

Suggest any three methods to protect the environment from pollution.

**26.** भारत और चीन के बीच विवाद के किन्हीं चार मुद्दों का वर्णन कीजिए । $1\frac{1}{2} \times 4 = 6$

**अथवा**

भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद के किन्हीं चार मुद्दों का वर्णन कीजिए । $1\frac{1}{2} \times 4 = 6$

Describe any four points of conflict between India and China.

**OR**

Describe any four points of conflict between India and Pakistan.

**27.** 1971 में और उसके पश्चात् इन्दिरा गाँधी की लोकप्रियता के लिए उत्तरदायी किन्हीं चार कारकों का वर्णन कीजिए । $1\frac{1}{2}\times4=6$

**अथवा**

1975 में राष्ट्रीय आपातकाल लागू करने के किन्हीं चार कारणों का वर्णन कीजिए । $1\frac{1}{2}\times4=6$

Describe any four factors responsible for the popularity of Indira Gandhi in and after 1971.

**OR**

Describe any four reasons for the imposition of National Emergency in 1975.